# <u>संदेश</u>

गुरु नानक जयंती के शुभ अवसर पर, मैं देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों, विशेष रूप से सिख भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई देती हूँ ।

गुरु नानक देव जी की जयंती हमें उनके आदर्शों और मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करती है और हमें एक बेहतर समाज बनाने के लिए मार्गदर्शन देती है। उनका संदेश हमें सिखाता है कि सच्चाई, न्याय और करुणा के साथ जीवन जीना ही सच्ची सफलता है। गुरु नानक देव जी ने बताया कि ईश्वर सर्वव्यापी हैं। उन्होंने हमें ईमानदारी से जीने और मिल-बांटकर संसाधनों का उपभोग करने के लिए प्रेरित किया।

आइए, हम सभी उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करें।

***********